# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2013

05099

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

## ई.एच.डी.-7 : हिन्दी संरचना

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** ***खण्ड 'क' में से किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।* ***खण्ड 'ख' अनिवार्य*** *है।*

---

### खण्ड - क

**4x15=60**

1. स्वनिम की संकल्पना को स्पष्ट करते हूए हिंदी के उदाहरणों के माध्यम से स्वनिम निर्धारण में न्यूनतम युग्मों की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

2. स्रोत, रचना और प्रयोग के आधार पर शब्दों के वर्गीकरण किस -किस प्रकार किए जाते है? सोदाहरण उत्तर दीजिए।

3. पदबंध के प्रकार्यात्मक वर्गीकरण का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

4. मिश्र वाक्य की संरचना को स्पष्ट कीजिए और इनके प्रकारों का परिचय दीजिए।

5. पारिभाषिक शब्द किसे कहते हैं? पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण की प्रक्रिया स्पष्ट कीजिए।

(c) भाषिक संप्रेषण की इकाई __________ है।
(शब्द / वाक्य / प्रोक्ति)

(d) __________ का चयन वक्ता और श्रोता के आपसी संबंधों को व्यक्त करता है।
(संज्ञाओं / सर्वनामों / विशेषणों)

(e) देवनागरी लिपि का उद्‌भव __________ लिपि से हुआ है।
(ब्राह्मी / खरोष्ठी / चित्र)

**11.** कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार वाक्यों को बदलकर लिखिए : **5x2=10**

(a) जिसमें साहस होता है, उसकी प्रशंसा होती है।
(उपवाक्य को विशेषण में बदलिए)

(b) मैंने उसे बहुत समझाया, लेकिन मेरी बात का उस पर कोई असर नहीं हुआ।
(रेखांकित अंश को मुहावरे में बदलिए)

(c) ऐसा माना जाता है कि वर्षा खुशहाली लाती है।
(रेखांकित कर्मवाच्य को कर्तृवाच्य में बदलिए)

(d) आप मेरे साथ चलो।
(वाक्य को शुद्ध करके लिखिए)

(e) आँवले में भरपूर विटामिन 'सी' होता है। अत: आँवला स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है।
(दोनों वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य लिखिए)

---

6. 'लोकोक्ति' का अर्थ समझाते हुए इसके प्रमुख अभिलक्षणों का विवरण दीजिए।

7. सामाजिक आचरण के विभिन्न स्तरों और रूपों को संबोधन शब्द किस प्रकार दर्शाते है? उदाहरण सहित समझाइए।

8. वर्तनी संबंधी भूलों के सामान्य कारण क्या होते हैं? हिंदी के संदर्भ में समझाइए।

## खण्ड - ख

9. उपयुक्त उदाहरण देते हुए **किन्हीं चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : **4x5=20**
   (a) हिंदी की आगत ध्वनियाँ
   (b) मूलांश तथा प्रत्यय
   (c) समानार्थी शब्द
   (d) वाक्य तथा उपवाक्य का अंतर
   (e) स्थिर संलाप
   (f) व्यंजक शब्द और व्यंग्यार्थ
   (g) कोड मिश्रण और कोड परिवर्तन का अंतर

10. उपयुक्त शब्द चुनकर वाक्यापूर्ति कीजिए : **5x2=10**
   (a) 'कि' से आरंभ होनेवाला उपवाक्य __________ होता है।
   (संज्ञा उपवाक्य / विशेषण उपवाक्य / क्रियाविशेषण उपवाक्य)
   (b) विशेषण और संज्ञा के योग से बना समस्त पद __________ कहलाता है।
   (द्विगु / तत्पुरुष / कर्मधारय)

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2013

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

## बी.एच.डी.ई.-107 : हिन्दी संरचना

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

*नोट : **खण्ड 'क'** में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दिजिए। **खण्ड 'ख' अनिवार्य** है।*

### खण्ड - क

1. हिन्दी भाषा के मुहावरों के स्रोत एवं वर्गीकरण का विवेचन कीजिए। **15x4=60**

2. सहायक क्रिया की विभिन्न व्याकरणिक कोटियों का वर्गीकरण किस प्रकार किया जाता है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3. मिश्र वाक्य से आप क्या समझते हैं? विशेषण उपवाक्य की चर्चा करते हुए वर्णनात्मक और निर्देशात्मक उपवाक्यों के बीच के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

4. हिन्दी की आक्षरिक संरचना को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

5. भाषा का समाज और संस्कृति से सम्बन्ध बताइए।

6. लिपि के विकास की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन कीजिए।

7. प्रत्यय की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए हिन्दी के प्रकार्यों की दृष्टि से प्रत्ययों पर प्रकाश डालिए।

8. क्रिया विशेषण उपवाक्य के प्रकारों की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

## खण्ड - ख

9. उपयुक्त उदाहरण देते हुए **किन्हीं चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5x4=20
   (a) लक्ष्यार्थ और व्यंग्यार्थ
   (b) अनुस्वार और अनुनासिकता
   (c) विपरीतार्थक शब्द
   (d) देवनागरी लिपि के गुण-दोष
   (e) एकालाप
   (f) समास और संधि में अंतर
   (g) सरल वाक्य

10. उपयुक्त शब्द चुनकर वाक्य पूर्ति कीजिए : 2x5=10
   (a) संज्ञा उपवाक्य से पूर्व __________ समुच्चय बोधक अव्यय का प्रयोग होता है। (और / कि / लेकिन)
   (b) क्रिया विशेषण शब्द वे शब्द हैं जो वाक्य में __________ की विशेषता बताते हैं। (संज्ञा / सर्वनाम / क्रिया)
   (c) विशेषण शब्द __________ के लिंग, वचन से प्रभावित होते हैं। (क्रिया / संज्ञा / सर्वनाम)

(d) 'धुलवाना' __________ का उदाहरण है। (सकर्मक क्रिया / प्रेरणार्थक क्रिया)

(e) जिन उपवाक्यों के पहले 'जो' / 'जिस' / 'जिन' का प्रयोग होता है वे __________ उपवाक्य होते हैं। (संज्ञा / विशेषण / क्रिया-विशेषण)

**11.** दिए गए निर्देश के अनुसार बदलकर लिखिए : **2x5=10**

(a) कोष्ठक में दिए गए निर्देश के अनुसार ध्वनि को बदलकर लिखिए : (इ तथा उ को दीर्घ स्वर में बदलिए)

(b) सम् + गीत को संयुक्त रूप में बदलिए।

(c) श्रीमती शर्मा, आप क्या कर रही हैं? (तुम में बदलिए)

(d) जो सोता है, वह खोता है। (सरल वाक्य में बदलिए)

(e) उसने कहा कि तुम अंदर आ जाओ। (कि हटाकर सरल वाक्य बनाइए)

---